an>

Title: Need to construct a rail over-bridge at Targana Station on Patna-Gaya Railway Section in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। मसौढ़ी विधान सभा क्षेत्र में तरेंगना स्टेशन के ठीक दक्षिण में सटे हुए एक रेलवे गुमटी है। यह पटना-गया रेल खंड पर अवस्थित है। यहां हमेशा जाम लगा रहता है। एन.एच-83 इसी गुमटी से हो कर गुजरती है। पटना से गया जाने के क्रम में, कम दूरी होने के कारण अक्सर गाड़ियां इसी गुमटी से हो कर गुजरती हैं। रेलवे गुमटी के दोनो तरफ मसौढ़ी का मुख्य बाजार है। प्रतिदिन उस गुमटी से पटना, पालीगंज और नौबतपुर की तरफ जाने वाली हजारों गाड़ियां गुजरती हैं। चूंकि रेलवे गुमटी मसौढ़ी को दो भागों में बांटती है, इसी कारण स्थानीय लोगों का आवागमन उसी गुमटी पर निर्भर करता है। मसौढ़ी के लोगों को धरहरूआ, जहानाबाद और गया जाना होता है, उन्हें उस गुमटी से हो कर गुजरना पड़ता है। वहां पर कोई अन्य वैकल्पिक सड़क नहीं है। जब रेलवे गुमटी बंद रहती है तो वहां पर विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहां पर काफी जाम लग जाते हैं। लोग परेशानी में आ जाते हैं। वहां पर लोग चार-पांच घंटे तक फंसे रह जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी तकलीफ होती है। मरीजों को इमर्जेन्सी में इधर से उधर आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगभग रोज का यही हाल है।...(व्यवधान) वहां पर जाम के कारण स्थानीय व्यापार पर भी बुरा असर पड़ता है।

अतः स्थानीय लोगों के बारबार अनुरोध पर मेरा यह आग्रह होगा, चूंकि, उस इलाके में यह प्रमुख समस्या बन गई है और जब तक मसौढ़ी गुमटी पर एक रेलवे ओवर ब्रिज, आर.ओ.बी. का निर्माण नहीं होगा, तब तक इस गंभीर समस्या से लोगों को निदान नहीं मिलेगा।

मैं पुनः आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा वहां प्रस्तावित ओवर ब्रिज, उस समय माननीय श्री लालू प्रसाद जी रेल मंत्री थे, मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वहां पर अविलंब ठोस कार्रवाई करें। वहां पर ओवर ब्रिज बनाएं ताकि वहां की समस्या का निदान निकल सके।

माननीय सभापति : श्री रामकृपाल यादव जी द्वारा शून्य प्रहर में उठाए गए विषय के साथ

श्री राजेश रंजन जी अपने-आप को संबद्ध करते हैं।